# भाजपा सांसद अरुण साव छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर, मेट्रो मीडिया।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को बिलासपुर के सांसद अरुण साव को पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में यह सांगठनिक फेरबदल किया है।

साव, विष्णुदेव साय का स्थान लेंगे। वह 53 वर्ष के हैं और पहली बार 2019 का लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने थे। साव ने छात्र जीवन से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े हुए थे। रायपुर में भाजपा नेता नरेश गुप्ता ने बताया कि राज्य के मुंगेली जिले में 25 नवंबर 1968 को जन्मे साव का परिवार आरएसएस से जुड़ा रहा है तथा वह स्वयं उसके कार्यकर्ता रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि पेशे से अधिवक्ता साव पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के शासनकाल में उप महाधिवक्ता भी रहे हैं। इसके अलावा वह भारतीय जनता युवा मोर्चा में भी पदाधिकारी रहे हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पिछड़े वर्ग में बहुसंख्यक साहू समाज से आने वाले साव को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपा जाना महत्वपूर्ण है।

# भाजपा ज्यादा ताकतवर हुई तो छिन जाएगा वोट का भी अधिकार: अखिलेश

## आज घर-घर तिरंगा पहुंचाना चाहते हैं जिस पार्टी (संघ) से यह पार्टी (भाजपा) चलती है उसने कभी भी भारत का झंडा नहीं लगाया

**कन्नौज, मेट्रो मीडिया।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं और संविधान पर हमला करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि अगर भाजपा ज्यादा ताकतवर हो गई, तो हो सकता है कि लोगों से उनका वोट का अधिकार भी छीन लिया जाए। यादव ने अगस्त क्रांति दिवस पर कन्नौज के झउवा गांव में एक कार्यक्रम में कहा, भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों के वोट तो ले लिए लेकिन उन्हें उनका हक नहीं दिया।

आपका रोजगार भी छीना जा रहा है और संविधान पर भी हमला हो रहा है। ये लोग अगर ज्यादा ताकतवर हो गए, तो हो सकता है आपसे वोट का अधिकार भी छिन जाए। यह बात मजाक में मत लें। उन्होंने मिसाल देते हुए कहा, आप भारत के आसपास देख लो, कुछ मुल्क हैं जहां पर वोट नहीं पड़ता है। सरकार स्थायी है। कुछ जगहों पर फौज देश के लोकतंत्र को चला रही है।

पड़ोसी देश चीन में कोई चुनाव होता है क्या? रूस में कोई चुनाव होता है क्या? पाकिस्तान में फौज जिसे चाहती है उसे बैठा देती है। म्यामां और उसके आसपास के देशों में क्या कोई चुनाव होता है? इसलिए सावधान रहिए। सपा अध्यक्ष ने



भाजपा सरकार को 'उद्योगपतियों की सरकार' करार देते हुए कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में व्यापार करने आई थी लेकिन बाद में अंग्रेजों ने ऐसा कानून पास किया कि यह कंपनी ही सरकार बन गई। उनका आरोप था कि आज भारत की संपत्तियों को भाजपा के लोग बेच रहे हैं।

पूरा देश उद्योगपतियों को दे दिया है। यादव ने कहा कि अगर यह लोग कुछ दिन और रहे तो हमें और आप लोगों को गुलाम बना दिया जाएगा। यादव ने भाजपा पर अंग्रेजों की नीतियों पर चलने का आरोप लगाते हुए कहा, सरकार समाजवादियों और मुसलमानों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर रही है। देश की आजादी में मुसलमान भाइयों का बराबर का योगदान रहा है। अब भाजपा के लोग हमें - आपको बांट रहे हैं, कभी धर्म के नाम पर, कभी जाति के नाम पर। जब धर्म के नाम पर थक जाते हैं तो जाति के नाम पर बांटते हैं।

भाजपा के घर-घर तिरंगा अभियान पर तंज करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधा और कहा, वे आज घर-घर तिरंगा पहुंचाना चाहते हैं जिस पार्टी (संघ) से यह पार्टी (भाजपा) चलती है उसने कभी भी भारत का झंडा नहीं लगाया। हमारे बुजुर्ग और गुरुजन जानते हैं। इतिहास उठा कर देखिए ये वही लोग हैं जो आज घर-घर तिरंगा लहराने चाहते हैं, जिन्होंने कभी तिरंगा का विरोध किया था। तिरंगा का विरोध करने वाले लोग आज तिरंगे के सहारे हमारे और आपके घर में पहुंचना चाहते हैं।

यादव ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का जिक्र करते हुए कहा, ₹अभी तो फौज में अस्थायी व्यवस्था आई है कुछ दिनों बाद पुलिस और पीएसी में भी अस्थायी व्यवस्था हो जाएगी। कुछ दिन बाद ये भी आउटसोर्स हो जाएंगे। बाकी सरकारी नौकरियों में तो आउटसोर्सिंग इतनी आ ही चुकी है।

## एक नजर

### पॉक्सो अधिनियम के अधीन पादरी धरा गया

**रामनाथपुरम, मेट्रो मीडिया।** तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के एक 48 वर्षीय पादरी को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उस व्यक्ति को चाइल्डलाइन की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया। शिकायत में कहा गया था कि जब वह चर्च में प्रार्थना करने आया तो उसने तीन बच्चों का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति मंडपम के एक चर्च से संबंधित है।

### मिजोरम में कोविड-19 के 243 नए मामले

**आइजोल, मेट्रो मीडिया।** मिजोरम में 243 और लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद मंगलवार को प्रदेश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,34,387 हो गयी । प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक दिन पहले संक्रमण के 179 मामले आए थे। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को सैतुअल जिले के 79 वर्षीय व्यक्ति की संक्रमण के कारण मौत होने से राज्य में संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 712 हो गयी है।

### ईआरसीपी को लेकर गहलोत ने शिवराज से बात की

**जयपुर, मेट्रो मीडिया।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की है। गहलोत के अनुसार, शिवराज ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री स्तर की बैठक करने पर सहमति जताई है। उन्होंने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के संबंध में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से वार्ता कर उन्हें अवगत कराया कि 2005 में राजस्थान-मध्य प्रदेश अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की 13वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार ही इस योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। गहलोत के मुताबिक, राजस्थान में चंबल की सहायक नदियों से प्राप्त हो रहे पानी पर आधारित इस परियोजना में मध्य प्रदेश से बहकर आने वाले पानी के 10 प्रतिशत से कम हिस्से का इस्तेमाल होगा।

# केजरीवाल गुजरात में एक और 'गारंटी' का करेंगे ऐलान

**अहमदाबाद, मेट्रो मीडिया।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को एक दिन की यात्रा पर गुजरात आएंगे और इस दौरान वह लोगों के लिए आम आदमी पार्टी (आप) की एक और 'गारंटी' की घोषणा करेंगे। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल पिछले सप्ताहांत पर भी गुजरात में थे जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। वह अपनी पार्टी को राज्य में स्थापित करने की रणनीति के तहत विभिन्न जिलों की जल्दी-जल्दी यात्रा कर रहे हैं।

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शासन है और राज्य की राजनीति में भाजपा और कांग्रेस का ही दबदबा रहा है। 'आप' के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव और गुजरात के नेता इसुदान गढ़वी ने प्रेस वार्ता में



कहा, केजरीवाल जी (बुधवार) को गुजरात की यात्रा करेंगे। वह अहमदाबाद में एक टाउन हॉल कार्यक्रम में गुजरात के लोगों के लिए नई 'गारंटी' की घोषणा करेंगे। गढ़वी ने कहा कि नई 'गारंटी' गुजरात के 'ढाई करोड़' लोगों के फायदे के लिए होगी और इसे बृहस्पतिवार को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन से पहले घोषित किया जाएगा लेकिन उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी।

उन्होंने कहा, केजरीवाल की ओर से पहले घोषित की गई मुफ्त

■ केजरीवाल की ओर से पहले घोषित की गई मुफ्त बिजली की घोषणा से लोगों में बहुत उत्साह है।

बिजली की घोषणा से लोगों में बहुत उत्साह है। भाजपा के कार्यकर्ता भी इससे उत्साहित हैं और पूछ रहे हैं कि भाजपा सरकार ने उन्हें (गुजरात के लोगों को) ऐसी राहत क्यों उपलब्ध नहीं कराई? गढ़वी ने कहा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ऐसी 'गारंटी' से डर गई है और दावा किया कि उसने ऐसे राहत भरे उपायों के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। वह राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव पूर्व घोषणाओं के संबंध में शीर्ष अदालत में दायर याचिका का हवाला दे रहे थे। 'आप' प्रमुख ने पिछले शनिवार और रविवार को अपन दो दिवसीय दौरे के दौरान जामनगर और छोटा उदयपुर में बोडेली की यात्रा की थी।

रविवार को उन्होंने गुजरात के आदिवासियों के लिए गारंटी की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में संविधान की पांचवीं अनुसूची और पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम को लागू किया जाएगा। केजरीवाल ने बेरोजगार युवाओं को नौकरी और नौकरी मिलने तक 3,000 रुपये प्रति माह भत्ता की गारंटी भी दी है। पिछले महीने सूरत में की गई एक घोषणा में, केजरीवाल ने कहा था कि उनकी पार्टी की राज्य में सरकार बनने पर लोगों को प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी।

# ओडिशा में भारी बारिश के बाद जलमग्न हुए कई गांव

**भुवनेश्वर, मेट्रो मीडिया।** ओडिशा में मूसलाधार बारिश के बाद मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों में नदियां उफान पर पहुंच गईं, जिसके चलते गांव, कृषि भूमि और निचले इलाके जलमग्न हो गए। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि सुबढ़ साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों के दौरान कम से कम आठ मौसम स्टेशनों में 116 से 204 मिमी (बहुत भारी स्तर) के बीच बारिश दर्ज की गई है, जबकि 44 स्थानों पर 65 से 115 मिमी के बीच (भारी स्तर) की बारिश हुई है। केंद्र ने कहा कि नवरंगपुर के कोसागुमुडा में 161 मिमी (बहुत भारी) स्तर की बारिश हुई, इसके अलावा भापुर में 160.2 मिमी बारिश हुई।

# आईएसआईएस का सदस्य आजमगढ़ में एटीएस के हत्थे चढ़ा

**लखनऊ, मेट्रो मीडिया।**

उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवादी निरोधक दस्ते (यूपीएटीएस) ने आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आतंकी हमला करने के मकसद से विस्फोट करने की योजना बना रहे एक शख्स को आजमगढ़ से मंगलवार को गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस की ओर से जारी बयान में दावा किया गया है कि पकड़ा गया शख्स आजमगढ़ निवासी सबाउद्दीन आजमी पुत्र जफर आजमी, कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन 'आईएसआईएस' से जुड़ा है। वह एआईएमआईएम का भी सदस्य है।

उसके पास से अत्याधुनिक विस्फोटक सामग्री बनाने के यंत्र और अवैध हथियार एवं कारतूस भी बरामद किये गये हैं। एटीएस ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व इसे एक बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश करने में मिली सफलता बताते हुए बयान में दावा किया कि आजमी, आईएसआईएस के रिक्रूटर से सीधे संपर्क में था। इसके अनुसार राज्य के पुलिस महानिदेशक के निर्देशन एवं अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) के पर्यवेक्षण में एटीएस के अपर पुलिस महानिदेशक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संवेदनशीलता को देखते हुए बरती जा रही अतिरिक्त सतर्कता के तहत की गयी कार्रवाई के दौरान आजमी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। इसके तहत ही एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि जिला आजमगढ़ के अमिलो मुबारकपुर इलाके में एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ मिलकर आईएसआईएस की जिहादी विचारधारा का सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार कर रहा है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन को लोकपाल का नोटिस

**रांची, मेट्रो मीडिया।**

भारत के लोकपाल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को आय से अधिक संपत्ति की शिकायत से जुड़े मामले में 25 अगस्त को लोकपाल के समक्ष पेश होने का निर्देष दिया है।

न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी (न्यायिक सदस्य) और सदरूय महेंद्र सिंह एवं इंद्रजीत पी गौतम की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया है। 4 अगस्त को ही चार पन्नों के आदेश में कहा गया है कि लोकपाल की विचाराधीन मामले में धारा 20 (3) के तहत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के खिलाफ कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि लोक सेवक के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रथम दृष्टया मामला है या नहीं। भाजपा सांसद डॉ0 निशिकांत दूबे ने ट्वीट कर कहा- झारखंड के राज परिवार को आदरणीय लोकपाल महोदय ने अकूत भ्रष्टाचार और संपत्ति देखते हुए 25 अगस्त को बुलाया है। लगता है कि आज 9 अगस्त 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ों की तरह सोरेन परिवार झारखंड व गद्दी छोड़ो का नारा लग गया है। आज आदिवासी दिवस पर भ्रष्टाचार से आदिवासी को मुक्ति। सूत्रों के मुताबिक लोकपाल ने रजिस्ट्री को लोकपाल अधिनियम की धारा 20 (3) के तहत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

# अरुणाचल प्रदेश में कोविड-19 के 41 नये मामले

**ईटानगर, मेट्रो मीडिया।** अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को कोविड-19 के 41 नये मामले दर्ज किये गये, जिससे राज्य में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 66,246 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य निगरानी अधिकारी डॉ. लोबसांग जाम्पा ने कहा कि राज्य में कोविड-19 के कारण जान गंवाने वालों की कुल संख्या 296 पर स्थिर है और पिछले 24 घंटों के दौरान महामारी के कारण किसी अन्य कोविड-19 मरीज की मौत नहीं हुई। लेपरदा में छह, कैपिटल कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में पांच, ऊपरी सियांग में चार और पश्चिम कामेंग जिले में तीन मामले दर्ज किए गये।

# तेलंगाना ने केंद्र से की कोविशील्ड की 50 लाख खुराक की मांग

**हैदराबाद, मेट्रो मीडिया।**

तेलंगाना सरकार ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से कोविड-19 निरोधक कोविशील्ड टीके की कम से कम 50 लाख खुराक की तत्काल आपूर्ति कराने का आग्रह किया है ताकि प्रदेश को ऐहतियाती खुराक की गति बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने पात्र लोगों को ऐहतियाती खुराक देने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का फैसला किया है।

राव ने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश में प्रतिदिन डेढ़ लाख खुराक दी जा रही है और मांग के आधार पर प्रदेश के पास प्रतिदिन तीन लाख खुराक देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार टीकों की, खास तौर पर कोविशील्ड की कमी के कारण ऐसा कर पाने में अक्षम है। मांडविया को लिखे पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार ने समय-समय पर केंद्र से टीकों की आपूर्ति बढ़ाने का आग्रह किया है। हालांकि, राज्य को कम टीकों की आपूर्ति हो रही है, जिससे राज्य के लिए वर्तमान स्तर पर टीकाकरण को बढ़ाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने बताया कि अभी राज्य के पास कोविशील्ड की केवल 2.7 लाख खुराक है जो दो दिन के लिये भी पर्याप्त नहीं है।

# सीबीआई ने टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल को भेजा नया समन

**कोलकाता, मेट्रो मीडिया।**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के पशु तस्करी घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुव्रत मंडल को नया समन नोटिस जारी किया है और उन्हें 10 अगस्त को जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा है।

सीबीआई ने श्री मंडल की ओर से नौवें समन को नजरअंदाज किये जाने के ठीक दो दिन बाद नया समन नोटिस जारी किया है। टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष मंडल को आठ अगस्त को सीबीआई के शहर कार्यालय निज़ाम पैलेस में सुबह 11 बजे पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन आरोपी राजनेता ने समन को नजरअंदाज कर दिया और राज्य सरकार के एसएसकेएम अस्पताल में




मेडिकल चेक-अप के लिए चले गये जो एजेंसी के कार्यालय से बमुश्किल 1000 मीटर पश्चिम में स्थित है।

बीरभूम जिले में रहने वाले व दक्षिण बंगाल की राजनीति के 'बाहुबलि' 62 वर्षीय श्री मंडल को रविवार को चिनार पार्क में अपने शहर के फ्लैट में पहुंचते देखा गया। बाद में वह कथित तौर पर सर्दी, खांसी और कंधे के दर्द के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचे। सात सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने उनकी बीमारियों की जांच के बाद सुझाव दिया कि उन्हें भर्ती करने की आवश्यकता नहीं है और तदनुसार वह सोमवार की रात बीरभूम लौट गए। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई के दो अधिकारियों ने सोमवार शाम को मंडल के चिनार पार्क स्थित फ्लैट पर गए लेकिन पाया कि नेता अपने गांव रवाना हो रहे हैं। इसके बाद सीबीआई ने उनके पते पर 10वां समन नोटिस भेजा और उन्हें बुधवार सुबह 11 बजे एजेंसी कार्यालय में पेश होने को कहा। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा सीबीआई के दो अधिकारी मंगलवार को श्री मंडल के बीरभूम स्थित आवास पर हाथ से समन नोटिस तामील करने गए। सूत्रों ने कहा कि पिछले हफ्ते बीरभूम में छापेमारी के बाद सीबीआई को कथित तौर पर मामले में कुछ और सबूत मिलने के बाद श्री मंडल को एक नया समन नोटिस जारी करना इस मामले को नया मोड़ दे दिया।

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने केरल को किया आश्वस्त, मुल्लापेरियार बांध सुरक्षित

**चेन्नई, मेट्रो मीडिया।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को एक बार फिर आश्वस्त किया कि मुल्लापेरियार बांध हर लिहाज से सुरक्षित है और बाढ़ नियंत्रण का काम मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। पांच अगस्त को स्टालिन को लिखे गए एक पत्र में पिनाराई विजयन ने बांध को लेकर चिंता जताई थी।

इस पर स्टालिन ने एक बार फिर दोहराया कि बांध सुरक्षित है। स्टालिन ने विजयन को पत्र लिखकर कहा, मैं आपको और केरल के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि बांध हर तरह से सुरक्षित है और बांध का बाढ़ नियंत्रण का काम केंद्रीय जल आयोग द्वारा फरवरी 2021 में अनुमोदित नियमों और द्वार परिचालन कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। केरल के इडुक्की जिले में स्थित मुल्लापेरियार बांध का रखरखाव तमिलनाडु द्वारा किया जाता है। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु की बांध प्रबंधन टीम बांध के निचले हिस्से में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय पर किए जाने वाले एहतियाती उपायों पर बहुत ध्यान दे रही है। बांध में चार अगस्त को शाम सात बजे जल स्तर 136 फुट पर था, तो तमिलनाडु के अधिकारियों ने केरल के अधिकारियों को शाम 7:40 बजे ही पांच अगस्त को 'स्पिलवे द्वार' खोलने की संभावना के बारे में सूचित किया।


**MFL India Limited**
CIN: L63040DL1981PLC012730
Registered & Corporate Office: UG09, WellKing Towers.*9414* Main Market, Patparganj, Mayur Vihar, Phase-I, East Delhi, Delhi-110091, India
Contact No +91-11-32076767,E-Mail: helpdesk@mflindia.in, Website: www.mflindia.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 & 52 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Obligation"). Notice is hereby given that a meeting of the Board of Director of the Company is scheduled to be held on Saturday, August 13, 2022, at 3:00 P.M, inter alia, to consider and approve the unaudited Financial Result of the Company for the quarter ended 30th June 2022.
The above detail can be viewed on the website of company www.mflindia.com as well as on www.bseindia.com.

For MFL India Limited
Sd/-
Anil Thukral
Managing Director
DIN: 01168540

Place : Delhi
Date : 09.08.2022

**Morning Glory Leasing and Finance Limited**
CIN : L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email Id: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100
**Statement of Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2022**
(₹ in lakhs)

| Sl. No. | Particulars | For the Quarter Ended on 30-06-2022 Unaudited | For the Quarter Ended on 30-06-2021 Unaudited | For the Year Ended on 31-03-2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1.25 | 1.25 | 5.44 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax before Exceptional items) | 0.44 | 0.36 | 1.52 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items) | 0.44 | 0.36 | 1.52 |
| 4 | Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items) | 0.32 | 0.27 | 1.12 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 188.64 | 105.91 | 276.68 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each)(Not Annualised) | | | |
| | 1. Basic | 75.76 | 42.53 | 111.12 |
| | 2. Diluted | 75.76 | 42.53 | 111.12 |

NOTES :
1 The above Standalone Un-audited Financial Results for the quarter ended June 30, 2022, have been limitedly reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on 09th August, 2022. The Statutory auditors have expressed an unmodified audit opinion.
2 The above is an extract of the format of Un-audited quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under the Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of Un-audited quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange's website i.e. www.msei.in and on the Company's website i.e. www.morninggloryleasing.in.
3 There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4 Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 09th August, 2022


पुराने संसद भवन के पास ही बन रहे नए संसद भवन की नींव दिसंबर 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी

# क्या पुराने संसद भवन में आखिरी सत्र था मानसून सत्र?

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।**

वर्ष 1927 में उद्घाटन से लेकर देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ तक संसद भवन कई महत्वपूर्ण घटनाओं का गवाह रहा है और अपने भीतर अनमोल इतिहास समेटे हुए है। अब जोरशोर से नए संसद भवन के निर्माण के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या सोमवार को समाप्त हुआ मानसून सत्र, संसदीय इतिहास में, पुराने संसद भवन में संपन्न आखिरी सत्र के रूप में दर्ज हो जाएगा?

पुराना विशाल संसद भवन करीब छह एकड़ क्षेत्र में बना है और यह दुनिया के विभिन्न देशों के सबसे विशिष्ट संसद भवनों में से एक है। इस भवन की नींव 101 साल पहले



रखी गई थी। इस संसद भवन की पहली मंजिल पर बलुआ पत्थर के 144 खंभे हैं जो इसे अनोखी खूबसूरती प्रदान करते हैं। संसद का मानसून सत्र निर्धारित समय से चार दिन पहले ही सोमवार को समाप्त हो गया।

पुराने संसद भवन के पास ही बन रहे नए संसद भवन की नींव दिसंबर 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी। नए संसद भवन का निर्माण कार्य शीतकालीन सत्र से पहले पूरा हो जाने की उम्मीद है। इससे पहले निर्माण कार्य के इस साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरा होने की उम्मीद थी। यदि शीतकालीन सत्र नए भवन में आयोजित होता है तो इसके साथ ही एक युग का अंत हो जाएगा जिसकी शुरुआत 95 साल पहले हुई थी।

अंग्रेजों ने संसद भवन की परिकल्पना 1920 के दशक में की थी जब 1911 के भव्य दरबार के बाद राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित किया गया था। पुराने संसद भवन की यात्रा तत्कालीन सम्राट किंग जॉर्ज पंचम के शासनकाल में भारत की नयी राजधानी की यात्रा भी है, जिसे 1926 में नयी दिल्ली नाम दिया गया था। 12 फरवरी 1921 को, जब भारत स्वतंत्रता प्राप्ति से 26 वर्ष दूर था तब ब्रिटेन के ड्यूक आफ कनॉट प्रिंस आर्थर ने संसद भवन की नींव रखते हुए कहा था कि यह भारत के पुनर्जन्म के साथ-साथ उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक होगा। 560 फुट के व्यास और एक मील के तिहाई हिस्से की परिधि में फैले इस भवन का डिजाइन सर हर्बर्ट बेकर और सर एडविन लुटियंस ने तैयार किया था।

लुटियंस ने ही दिल्ली में रायसीना हिल्स इलाके में नई औपनिवेशिक राजधानी का भी डिजाइन बनाया था। रिकॉर्ड से पता चलता है कि संसद भवन की आधारशिला रखे जाने के मौके पर वायसराय लॉर्ड चेम्सफोर्ड ने एक भव्य समारोह का आयोजन किया था, जिसमें देसी रियासतों के प्रमुखों के साथ साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की थी। संसद भवन को पहले, काउंसिल हाउस के नाम से जाना जाता था।


**JAIN TUBE COMPANY LIMITED**
CIN: L25111DL1964PLC004235
Regd.Off.: B-292, 202, Second Floor, Chandra Kanta Complex, New Ashok Nagar, Delhi- 110096
Website:www.jaintubes.in, E-mail: jaintubes.india@gmail.com, Mobile: 7428860315
**Extract of unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June, 2022**
(Rs in Lakhs, unless otherwise stated)

| SL No. | Particulars | Quarter ended June 30, 2022 (Unaudited) | Quarter ended Mar 31, 2022 (Audited) | Quarter ended June 30, 2021 (Unaudited) | Year Ended Mar 31, 2022 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | - | - | - | - |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before tax and Exceptional items) | 5.76 | 8.47 | 8.80 | 24.43 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 5.76 | 8.47 | 8.80 | 24.43 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax and Exceptional items | 4.24 | 18.10 | 6.98 | 29.79 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 4.24 | 18.10 | 6.98 | 29.79 |
| 6. | Equity Share Capital | 179.35 | 179.35 | 179.35 | 179.35 |
| 7. | Earnings per share of Rs 10 each | | | | |
| | (a) Basic (Rs) | 0.24 | 1.01 | 0.39 | 1.66 |
| | (b) Diluted (Rs) | 0.24 | 1.01 | 0.39 | 1.66 |

Notes:
1 The above unaudited financial results were, reviewed by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 9th August , 2022. The review report of the Statutory Auditors is being filed with the Calcutta Stock Exchange.
2 The above is an extract of the detailed format of the unaudited financial results for the quarter ended June 30, 2022, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results for the quarter ended June 30, 2022 alongwith review report of the Statutory Auditors is available under Investors section of our website at www.jaintubes.in and under Financial Results at Corporate section of www.cse-india.com.

By Order of the Board
For Jain Tube Company Limited
(SUSHIL JAIN)
Director
DIN 00323952

Place : New Delhi
Date : 9th August, 2022